58 लाख SVAMITVA संपत्ति कार्ड वितरण

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में 50,000 गाँवों में 58 लाख [SVAMITVA](#) **संपत्ति कार्ड** वितरित किये गए, जो [ग्रामीण सशक्तीकरण](#) की दिशा में एक मील का पत्थर है।

SVAMITVA योजना:

- **24 अप्रैल 2020 को शुरू की गई** इस **योजना का उद्देश्य** ग्रामीण संपत्ति मालिकों के **अधिकारों का रिकॉर्ड** बनाना है, जिसमें **अत्याधुनिक ड्रोन और GIS तकनीक का उपयोग करके अबादी क्षेत्रों (बसे हुए क्षेत्रों) पर ध्यान** केंद्रित किया गया है।
- इसके तहत [वित्तीय समावेशन](#) को बढ़ावा देने के लिए कई विभागों एवं हितधारकों को शामिल करते हुए **समग्र दृष्टिकोण का अनुसरण** किया गया है।
- संपत्ति के स्वामित्व को मान्यता मिलने से **ऋण तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित होने के साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा** मिलता है।

मुख्य सफलताएँ:

- **ड्रोन मैपिंग कवरेज**: **3.17 लाख गाँवों** में पूरा किया गया, संपत्ति दस्तावेज़ीकरण के लिये ग्रामीण क्षेत्रों का मानचित्रण किया गया।
- **संपत्ति कार्ड वितरण**: कानूनी संपत्ति अधिकार प्रदान करते हुए **1.49 लाख गाँवों में 2.19 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड** वितरित किये गए।
- **बेहतर शासन**: डिजिटल रूप से मान्य अभिलेखों ने [ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (GPDP)](#) को बढ़ावा दिया है, जिससे बुनियादी ढाँचे की योजना में सुधार हुआ है।
- **महिला सशक्तिकरण**: कानूनी संपत्ति स्वामित्व महिलाओं की **वित्तीय सुरक्षा** और निर्णय लेने की शक्ति को बढ़ाता है।
- **विवाद समाधान**: सटीक मानचित्रण से भूमि स्वामित्व और सीमाओं को स्पष्ट करके **संपत्ति विवादों में कमी** आई है।

और पढ़ें: [स्वामित्व योजना](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/58-lakh-svamitva-property-cards-distribution